हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 27 अगस्त 2025

06 भैरुंदा-संदलपुर सड़क की दुर्दशा, 40 किमी के सैकड़ों गड्ढे वाहन...



07 सचिव निलंबित, 3 तहसीलदारों को नोटिस, तीन की वेतनवृद्धि रोकी





### गणेश चतुर्थी पर भगवान गणेश की प्रतिमाओं को पंडाल में विराजित कर पूजा-अर्चना की जाएगी

# आज घर-घर विराजेंगे चिंताहरण गणेश, प्रसिद्ध चिंतामन मंदिर परिसर में लगेगा 10 दिवसीय मेला

लोग पर्यावरण प्रदूषण न हो इस बात को ध्यान में रख कर मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमाओं की स्थापना करेंगे। मिट्टी से बनी प्रतिमाएं रखना शास्त्रों में शुभ माना गया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

ऐतिहासिक श्री चिंतामन सिद्ध गणेश मंदिर में श्री गणेश जन्म महोत्सव के उपलक्ष्य में गणेश चतुर्थी से अनंत चर्तुदशी मेला लगेगा। बुधवार को गणेश चतुर्थी को सुबह 4 बजे से सुबह 6 बजे तक भगवान श्री गणेश जी का महाअभिषेक पूजन चलेगा तथा दर्शनार्थीगणों का गर्भगृह में प्रवेश पूर्णतः बंद रहेगा। दर्शन व्यवस्था सभा मंडप मूषक हाल से प्रारंभ हो जाएगी। दोपहर 12 बजे जन्म महाआरती होगी और मेला आरंभ हो जाएगा।

अनंत चौदस तक लगातार प्रतिदिन सामूहिक दर्शन होंगे। वहीं मेले में बड़े_बड़े झूले व दुकानें व मनोरंजक खेल तमाशे आकर्षक आयटम मेले की शोभा बढ़ाएंगे। भगवान श्री गणेश का प्रतिदिन श्रृंगार किया जाएगा और विशेष आकर्षक (मनमोहक) श्रंगार के दर्शन उपलब्ध होंगें। बुधवार को 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है।

#### उल्टा स्वास्तिक बनाकर मांगते हैं मन्नत

मान्यता के अनुसार श्रद्धालु भगवान गणेश के सामने अपनी मन्नात के लिए मंदिर की दीवार पर उल्टा स्वास्तिक बनाते हैं और मन्नात पूरी होने के बाद सीधा स्वास्तिक बनाते हैं। चिंतामन गणेश मंदिर पर हर साल गणेश चतुर्थी के दौरान दस दिवसीय भव्य मेले का आयोजन किया जाता है। जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु भगवान गणेश के दर्शन करते हैं। गणेशोत्सव में गणेश प्रतिदिन रूप बदलेंगे। भगवान का नित्य नया श्रृंगार किया जाएगा।



#### दो जगह रहेगी पार्किंग

गणेश मंदिर जो श्रद्धालु अपने वाहनों से पहुंचेंगे, उनके लिए गणेश मंदिर के मोड़ पर नाले के पास दो व चार पहिया वाहन की और दूसरी जगह शुगर फैक्ट्री के पास खाली पड़ी जगह पर गाड़ी को पार्क कर सकते हैं।

#### घर-घर विराजेंगे गणेश

आज गणेश चतुर्थी पर उत्साह के साथ भगवान गणेश की प्रतिमाओं को पंडाल में विराजित कर पूजा-अर्चना की जाएगी। 10 दिनी उत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, वहीं शहर में गणपति स्थापना के लिए आकर्षक पंडाल सजाए गए हैं। लोग घर-घर में गणपति की स्थापना करेंगे। अधिकतर लोग पर्यावरण प्रदूषण न हो इस बात को ध्यान में रख कर मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमाओं की स्थापना करेंगे। मिट्टी से बनी प्रतिमाएं रखना शास्त्रों में शुभ माना गया है।

मंगलवार को बाजार में भी आकर्षक गणेश प्रतिमाओं को घर ले जाने का दौर देर शाम तक जारी रहा। आज भी बाजार से गणेश प्रतिमाओं को ले जाने का दौर देर रात तक चलेगा। बाजार में कई जगह गणेश प्रतिमाओं की दुकानें सजी हुई हैं।



#### स्थापना का शुभ मुहूर्त

- अमृत मुहूर्त : सुबह 7.33 बजे से 9.09 बजे तक।
- शुभ मुहूर्त : सुबह 10.46 बजे से दोपहर 12.22 बजे तक।
- शाम की पूजा : शाम 6.48 बजे से 7.55 बजे तक।

#### ऐसे पहुंचे चिंतामन गणेश मंदिर

- यदि आप भोपाल तरफ से पुराने हाइवे से आ रहे हैं, तो भोपाल नाका से बस स्टैंड, अस्पताल चौराहा, तहसील चौराहा, शुगर फैक्ट्री चौराहा से बाए हाथ पर मुड़कर गणेश मंदिर पहुंच सकते हैं।
- यदि भोपाल-इंदौर हाइवे से होते हुए आ रहे हैं, तो सैकड़ाखेड़ी मार्ग से प्रवेश कर पोस्ट आफिस चौराहा से बाए तरफ मुड़कर अस्पताल चौराहा, तहसील चौराहा, शुगर फैक्ट्री चौराहा से बाए हाथ पर मुड़कर गणेश मंदिर पहुंच सकते हैं।
- यदि क्रिसेंट के सामने से प्रवेश करते हैं तो इंदौर नाका, मंत्री पेट्रोल पंप के बगल से दशहराबाग होते हुए कर्बलापुल से सीधे गणेश मंदिर पहुंच सकते हैं।
- यदि इंदौर तरफ से आ रहे हैं तो सोया चौपाल से होते हुए मंत्री पेट्रोल पंप के बगल से दशहराबाग होते हुए कर्बलापुल से सीधे गणेश मंदिर पहुंच सकते हैं।
- यदि रेलवे स्टेशन से आते हैं तो आटो या तांगे से जा सकते हैं। यदि पैदल जाते हैं तो तीन किमी दूरी है। पहले शुगर फैक्ट्री चौराहा व दाए तरफ दुर्गा मंदिर से मुड़कर गणेश मंदिर पहुंच सकते हैं।

## खबर संक्षेप




### कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित

**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने नागरिकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं जानी और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 38 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों एवं ग्राम पंचायतों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई।

### पिछले 24 घंटे में 3.1 एमएम औसत वर्षा दर्ज

**सीहोर।** जिले में बीते 24 घंटे में सुबह 8 बजे तक 3.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 4, मिलीमीटर, श्यामपुर में 0, आष्टा में 10, जावर में 0, इछावर में 0, भैरूंदा में 5, बुधनी में 1, रेहटी में 4.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 1 जून से 26 अगस्त को सुबह 8 बजे तक 811.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 912.4 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है।

## कोटवारों ने तिरंगा यात्रा निकाल कर जताया विरोध, सौंपा ज्ञापन

### मध्य प्रदेश आजाद कोटवार कर्मचारी संघ ने दिया कलेक्टर के नाम ज्ञापन




**सीहोर।** सैकड़ों कोटवारों ने तिरंगा यात्रा निकालकर शहीदों को नमन किया और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कोटवारों के हित में की गई घोषणाओं और आदेशों का पालन नहीं करने सहित कोटवारों पर जारी अन्याय अत्याचारों को लेकर कड़ा विरोध भी दर्ज कराया। मंगलवार को मध्य प्रदेश आजाद कोटवार कर्मचारी संघ से जुड़े जिले भर के कोटवार टाउनहाल परिसर में एकत्रित हुए। जहां से तिरंगा रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम का ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर वंदना राजपूत को दिया। पुलिस जैसी वर्दी पहनकर तिरंगा रैली में शामिल हुए कोटवारों ने मध्य प्रदेश आजाद कोटवार कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष छगनलाल मालवीय के नेतृत्व में दिए गए। ज्ञापन में बताया कि राजस्व विभाग के कोटवार विरोधी फैसले लेकर कोटवारों को प्रताडित कर रहा है। इधर कोटवार पंचायत 2007 और 2023 में वर्तमान केंद्रीय कृषि मंत्री पूर्व मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कोटवारों के हित में दिए गए आदेशों और पंचायत में की गई घोषणाओं का पालन सरकार के द्वारा जानबूझकर नहीं किया जा रहा है। गलत तरीके से भिंड जिले की अटेर तहसील में 31 कोटवारों को हटा दिया गया है और उनकी सेवा भूमि पर कब्जा कर लिया गया है। खंडवा जिले की पंधाना तहसील में अधिकारी के बंगले पर ड्यूटी कर रहा कोटवार संदिग्ध अवस्था में मृत पाया गया है। इस घटना की अब तक जांच नहीं की गई है। इसी प्रकार सीहोर जिले के एक बाहुवली नेता ने मूल कोटवार को हटवाकर अपने घरेलू नौकर को कोटवार बना दिया है। जिस का मध्य प्रदेश आजाद कोटवार कर्मचारी संघ विरोध करता है और मूल कोटवार को नियक्त करने की मांग करता है। कोटवारों द्वारा निरंतर प्रदेश व्यापी आंदोलन किए जा रहे है मुख्यमंत्री मंत्री और प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन दिए जा रहे है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। अब दुखी होकर अंतिम उपाय के रूप में भारत माता से प्रार्थना करने के लिए भोपाल में 4 सिंतबर को निकाली जा रही तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे। इस मौके पर बड़ी संख्या में कोटवार मौजूद रहे।

## दिव्यांग बच्चों ने मिट्टी से निर्मित की भगवान गणेश की प्रतिमाएं अधिकारियों ने खरीदीं

### दिव्यांग बच्चों को किया प्रोत्साहित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन तथा अधिकारियों ने दिव्यांग बच्चों द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में लगाए गए स्टॉल से मिट्टी से बनी हुई भगवान गणेश की मूर्तियां खरीदी। उन्होंने बच्चों द्वारा बनाई गई मूर्तियों को सराहा और बच्चों को प्रोत्साहित किया। कलेक्ट्रेट परिसर में वसुंधरा विशेष विद्यालय के दिव्यांग बच्चों द्वारा मिट्टी से बनीं भगवान गणेश की मूर्तियों का स्टॉल लगाया गया है। यह मूर्तियां इन बच्चों ने अपने हाथों से बनाई हैं और प्राकृतिक कलरों से इन्हें सजाया है। जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन के साथ ही संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, एसडीएम नितिन टाले, तन्मय वर्मा, उप संचालक महेश यादव सहित अन्य अधिकारियों ने भी दिव्यांग बच्चों द्वारा मिट्टी से बनाई गई भगवान गणेश की मूर्तियां खरीदी और उन्हें प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष अर्जुन सिंह सहित बच्चे उपस्थित थे।

## जीआइएस 2.0 में पटवारियों को हो रही समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शासन द्वारा एक अपूर्ण साफ्टवेयर देव जीआईएस 2.0 पर कार्य करने के लिए मप्र के संपूर्ण पटवारियों को कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया है। जिसमें कई प्रकार की व्यवहारिक कठनाई और समस्या है। जिन्हें जल्द ही दूर किया जाना है। बिना व्यवहारिक कठनाई और समस्या को दूर किए बगैर अपूर्ण नाफ्टवेयर वेग जीआईएस 2.0 शुरु कर दिया गया है। जितने न्यायालयों के आदेश का पालन नहीं किया जा सकता है। जिसका दोषारोपण पटवारी संवर्ग को ही दिया जाएगा जो कि न्यायोचित नहीं होगा। ज्ञापन में कहा गया है कि किसान और पटवारियों के लिए बनी समस्या रूपी वेग जीआईएस 2.0 के संबंध में उचित कदम उठाएंगे। फिर भी शासन और प्रशासन द्वारा जीआईएस 2.0 से उपजी समस्याओं के संबंध में पटवारियों पर कोई भी कार्यवाही की जाती है तो पटवारी संवर्ग के हितों की रक्षा के लिए ना चाहकर भी मध्यप्रदेश के संपूर्ण पटवारियों के लिए आंदालन को विवश होना पड़ेगा। जिसकी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में उपाध्यक्ष मनीष जैन श्यामपुर, हीरालाल मेवााड़ा इछावर, मुरेन्द्र वर्मा शुभकता शर्मा, जिला सह सचिव दुर्गेश रजक, जिला सह कोषाध्यक्ष रोहित वर्मा, राजू अहिरवार, जिला संयोगक सुरेन्द्र जामतिया, संजय, सुनील मालवीय, शशांक गौर, अमनदीप, जिला मीडिया प्रभारी औ प्रवक्ता लोटन पटेल मौजूद थे।

### किराना दुकान से नगदी और सामान चोरी करने वाले दो गिरफ्तार




**इछावर।** नगर में पिछले दिनों किराना दुकान में हुए नगदी सहित लाखों रुपए के किराना सामान चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने किराना दुकान के अलावा नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में दो अन्य चोरी की घटनाओं को अंजाम देने की बात भी कबूल की है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी किया हुआ माल भी बरामद कर लिया है। गौरतलब है कि कुछ दिनों पहले नगर के बस स्टैंड स्थित सपना किराना स्टोर पर अज्ञात चोरों ने धावा बोलते हुए नगदी सहित हजारों रुपए के किराना सामान पर हाथ साफ कर दिया था। इसके अलावा 5 जुलाई को चोर वार्ड क्रमांक 8 में रहने वाले अनिल विश्वकर्मा के घर के सामने बाउंड्रीबाल के अंदर रखी बाइक के टायर, ट्रेक्टर टायर चोरी कर ले गया थे। इसी प्रकार गांव ब्रिजीशनगर निवासी दुर्गा प्रसाद नागर के घर में रखी मोटरसाइकिल भी चोरी हो गई थी। थाना प्रभारी इछावर पंकज वाडेकर के नेतृत्व में उक्त घटनाओं मे माल मुलजिम की पतारशी के लिए टीम का गठन किया गया। टीम को मंगलवार को थाना भैरूंदा द्वारा सूचना दी गई की उनके यहां किराना चोरी के अपराध में गिरफ्तारशुदा आरोपी हेमंत मीणा व राहुल मीणा द्वारा पूछताछ पर इछावर बस स्टैंड स्थित किराना दुकान में चोरी करना स्वीकार किया है। जिसके आधार पर थाना भैरूंदा पहुंचकर आरोपियों की गिरफ्तारी कर उन्हें न्यायालय इछावर से प्रोडक्शन वारंट जारी करवाकर आरोपीगणों का पीआर लिया गया।

### बीते सात दिन से किसान अलग-अलग जगह कर रहे थे जल सत्याग्रह

## फसल बीमा राशि की मांग को लेकर 14 गांव के किसानों ने कलेक्ट्रेट परिसर में दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



इछावर, सीहोर और आष्टा तहसील के करीब 14 से अधिक गांव के किसानों ने समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में बीमा राशि की मांग को लेकर पीएम, सीएम और कृषि मंत्री के नाम एसडीएम व संयुक्त कलेक्टर के लिए मंगलवार को ज्ञापन सौंपा।

किसानों ने खराब सोयबीन की फसल को हाथों में लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय में दिया धरना। किसान रैली के रूप में बीमा कंपनी के खिलाफ नारे लगाते कलेक्ट्रेट पहुंचे। सीहोर तहसील के ग्राम खामलिया, ग्राम छापरीकलां, लसुड़यिाखास, छोटी मुंगावली, रामाखेड़ी, ढाबला, हीरापुर, चंदेरी, संग्रामपुर, बरखेड़ा खुसाल, डोबरा, नरेला, सेवानिया और आष्टा तहसील के ग्राम पीपलनेर, इछावर तहसील के ग्राम बावड़यिा गोसाई के किसानों ने ज्ञापन देने हुए कहा कि 5 साल से प्राकृतिक आपदा, बाढ़, सूखा, ओला वृष्टि, पानी भराव से उनकी सोयबीन और गेहूं की फसल खराब हो रही है। बीमा कंपनी व शासन से बीमा देने की मांग को लेकर विगत 5 वर्षों से अलग-अलग गांव के किसान कहीं जल सत्याग्रहण करते, पेड़ों पर चढ़कर घंटी बजाते, खराब फसल के खेतों में प्रदर्शन करते आ रहे हैं। किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में कलेक्टर सीहोर से लेकर कमिश्नर भोपाल तक ज्ञापन देते चले आ रहे हैं। किसानों को फसल बीमा का लाभ अभी तक नहीं मिला। अभी कुछ ही दिन पूर्व राजस्थान के झुंझुनु से केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा फसल बीमा की राशि डाली गई। जिसमें सीहोर जिला, भोपाल और शाजापुर जिलें के अनेकों गांव के किसानों को बीमा राशि एक रुपए भी नहीं मिली है। कुछ किसानों को बीमा राशि मिली है तो वह 100 से लेकर 200 रुपए प्रति एकड़ मिली है। जो उंट के मुंह में जीरा है। शासन व बीमा कंपनी के खिलाफ विगत एक सप्ताह पूर्व से ही भोपाल के ग्राम टिलाखड़ी के किसान भोपाल तालाब से लगी कुलांसी नदी में जल सत्याग्रहण कर रहे हैं। सीहोर के ग्राम लसुड़यिा खास के किसान पार्वती नदी में और ग्राम छोटी मुंगावली के किसान पार्वा नदी में, छापरी कला के किसान सीवन नदी में किसान बीते 7 दिन से जल सत्याग्रहण कर रहे हैं।

#### ट्रैक्टर-ट्रॉलियों बैठकर कलेक्ट्रेट पहुंचे किसान

अपने-अपने गांव से ट्रेक्टर ट्रॉली से खराब सोयाबीन की फसल हाथों में लिए सीहोर कलेक्ट्रेट पंहुचे और रैली के रूप में कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर धरने पर बैठ गए। इस दौरान किसानों ने नारे लगाए की 5 साल से खराब हो रही फसलो का बीमा दो या बीमा काटना बंद करो।

## श्री सत्य साईं विश्वविद्यालय सीहोर में रोजगार मेले का आयोजन होगा

**सीहोर।** देश के उज्वल एवं सुनहरे भविष्य को उचित तथा सार्थक रोजगार के अवसर तलाश रहे भारत के युवा छात्र एवं छात्राओं के लिए श्री सत्य साईं प्रौद्योगिकीएवं चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्याल सीहोर द्वारा एक भव्य रोजगार मेले का आयोजन विश्वविद्यालय के प्रांगण में बड़े हर्ष और उल्लास के साथ किया जा रहा है। निर्माण उद्योग विकास परिषद नई दिल्ली के तत्वावधान में रोजगार मेले का आयोजन दिनांक 28 व 29 अगस्त को किया जाएगा।

इस अवसर पर देश-विदेश की प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा 150 से भी अधिक विद्यार्थियों का चयन किया जाना है। इसके अतिरिक्त टाटा पवार प्रोजेक्ट तथा अन्य प्रमुख संस्थाओं में के अवसरों के साथ साथ निशुल्क बी-वाक पाठ्यक्रम की भी संभावना रहेगी। इसके साथ ही विश्वविधालय परिसर में इस अवसर पर इंडसट्रियल पार्क की स्थापना भी की जा रही है।

इस मेले का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मुकेश तिवारी के मार्गदर्शन एव नेतृत्व में किया जाएगा उनका कहना है कि इस भव्यआयोजन मे सभी युवा बढ़चढ़कर रजिस्ट्रेशन करायें तथा कहाकि प्रशासनिक अधिकारियों के विशेष सहयोग से इस आयोजन को मूर्तरूप दिया जाना हैं। इस मेले में लगभग 1500 छात्र एवं छात्राओं द्वारा इस रोजगार मेले मे आन लाइन रजिस्ट्रेशन किया गया है। चेयरमैन डा. सुनील कपूर की और से सभी युवाओं को अग्रिम शुभकामनाएं दी जाती है तथा कुलपति द्वारा रजिस्ट्रेशन हेतु देश के सभी युवाओं को इस मेले में भाग लेने के लिए हार्दिक बधाई प्रेषित की गई।

**खबर संक्षेप**



## मंगलवार महा अभियान में स्वच्छता अभियान

**बुधनी।** नगर परिषद द्वारा मंगलवार महा अभियान के तहत वीआईपी रोड पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता अर्जुन मालवीय एवं सीएमओ संतोष रघुवंशी के निर्देश पर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत हर मंगलवार स्थान विशेष पर साफ सफाई की जाती है इसी तारतम्य में मंगलवार को सहायक स्वच्छता निरीक्षक शैलेंद्र चौहान के मार्गदर्शन में वीआईपी रोड पर साफ सफाई की गई।

## छावनी दशहरा उत्सव समिति की बैठक आज

**सीहोर।** इस साल भी शहर के छावनी स्थित बाल विहार मैदान पर विजयादशमी का पर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इसको लेकर आज बुधवार की रात्रि आठ बजे शहर के अरोरा पेट्रोल पम्प स्थित अरोरा निवास पर छावनी दशहरा उत्सव समिति के मुख्य संरक्षक जिला पंचायत और पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा के मुख्य आतिथ्य में समिति की बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक में समिति के अध्यक्ष के अलावा भव्य कार्यक्रम की रुपरेखा बनाई जाएगी।

## जिला स्तरीय बास्केटबाल चयन शिविर में 64 खिलाड़ियों का चयन

**सीहोर।** आगामी 15 सितंबर से विदिशा में होने वाली संभाग स्तरीय बास्केटबाल प्रतियोगिता के लिए जिला स्तरीय बास्केटबाल ट्रायल शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिले भर के करीब 100 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें से 64 खिलाड़ियों का विभिन्न वर्ग में चयन हुआ है। इस संबंध में जानकारी देते हुए अंकित चौहान ने बताया कि शहर के कोतवाली स्थित बास्केटबाल मैदान पर चयन शिविर का आयोजन किया गया था। चयन के पश्चात बालक-बालिका वर्ग की अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 टीम का गठन किया गया है।

## जिला उपार्जन समिति की बैठक हुई आयोजित



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने पुराने चना एवं मसूर उपार्जन के भुगतान संबंधी लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि जो भुगतान शेष रह गए हैं वे जल्द से जल्द पूर्ण किए जाएं। इसके साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी सीजन के लिए विकासखंड स्तर पर फसलों की जानकारी, बीजों एवं खाद की आवश्यकता के आंकलन के लिए जानकारी एकत्र की जाए। उन्होंने कहा कि इसके लिए माईक्रो लेवल पर योजना बनाकर पर्याप्त खाद-बीज की उपलब्ध सुनिश्चित की जाए।

## भैरूंदा के सांदीपनि स्कूल में लगाया गया आधार अपडेशन कैंप

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार भैरूंदा स्थित सांदीपनि स्कूल में छात्रों के आधार कार्ड संशोधन के लिए विशेष कैंप का आयोजन किया गया है। यह कैंप 29 अगस्त तक संचालित होगा। कैंप के प्रथम दिवस में 14 छात्रों के आधार कार्ड में नाम, उपनाम, जन्मतिथि आदि में सुधार किया गया। उल्लेखनीय है कि आधार कार्ड में त्रुटियों के कारण छात्रों को कई प्रकार की असुविधाओं का सामना करना पड़ता है और शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में भी विलंब होता है। इसी समस्या को देखते हुए कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार प्रशासन द्वारा स्कूलों में ही कैंप लगाने की पहल प्रारंभ की गई है, जिससे छात्रों को परेशान न होना पड़े और आसानी से आधार संशोधन हो सके।

### दो कंपनियां बदलीं, फिर भी हालात जस के तस, सड़क जर्जर और गहरे गड्ढों में तब्दील

# भैरुंदा-संदलपुर सड़क की दुर्दशा, 40 किमी के सैकड़ों गड्ढे वाहन चालक-राहगीरों को हादसों से दे रहे दर्द और जख्म

वहीं इटावाकला से लेकर बड़नगर तक सड़क पूरी तरह से उखड़ गई है। इस दो किमी सड़क पर भारी वाहन बने गड्ढे में फंस रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा





भैरूंदा से संदलपुर करीब 40किलोमीटर की सड़क में सैकड़ों की संख्या गहरे गड्ढों में तब्दील हो गई है। इस सड़क मार्ग पर सरकार ने करोड़ों रुपए लगात मरम्मत कार्य कराया गया था। लेकिन ठेकेदार के घटिया कार्य में सड़क फिर से गड्ढों में तब्दील हो गई।

**दो कंपनियों बदली, फिर भी हालात जस के तस सड़क जर्जर, और गहरे गड्ढों में तब्दील :** भैरुंदा संदलपुर मार्ग इस समय चर्चाओं में बना हुआ है। क्योंकि करोड़ो रुपए का पेजवर्क दो बड़ी कंपनियों ने किया था। पहले बिंदल कांट्रेक्शन कन्नौद ने करोड़ों रुपए लेकर पेजवर्क किया फ़िर श्री गोपाल कांट्रेक्शन भोपाल ने करोड़ों रुपए लेकर पेजवर्क और मरम्मत का कार्य किया फिर भी हालात वहीं बने जैसे पहले थे। फिर वहीं गहरे गड्ढे में तब्दील हो गई। जिससे अब राहगीरों का चलना दुश्वार सा हो गया है।

**इस मार्ग से हजारों वाहनों का लगा रहता है आना जाना प्रशासन की अनदेखी बड़े हादसे का इंतजार :** भैरुंदा,संदलपुर सड़क मार्ग पर रोजाना हज़ारों का आना जाना लगा रहता है। वहीं इटावाकला से लेकर बड़नगर तक सड़क पूरी तरह से उखड़ गई है। इस दो किमी सड़क पर भारी वाहन बने गड्ढे में फंस रहे हैं। तो यात्री बस भी इन गड्ढों में फंस रही है।जिससे लगता है, बड़ी दुर्घटना होने का इंतज़ार प्रशासन कर रहा है। दो पहिया वाहनों से चलना इतना मुश्किल है कि जरा सा चौके की हादसे का शिकार होने तय हैं। इस सड़क मार्ग की खबर जनप्रतिनिधि सहित प्रशासन को भी है, फिर अभी अभी तक न कोई कार्रवाई हुई है। न ही मरम्मत का कार्य शुरू किया गया। जिससे कोई बड़ी दुर्घटना का इंतज़ार है।

### कांग्रेस नेता विक्रम मस्ताल ने शासन प्रशासन पर कसा तंज

भैरूंदा से संदलपुर रोड पुनः दुर्दशा का शिकार। पिछले कई वर्षों से भ्रस्टाचार और सत्ता के ठेकेदारों की हठधर्मिता और शासन प्रशासन की उदासीनता हमेशा से शिकार ये सड़क आज भी अपनी जीर्णशीर्ण अवस्था में स्थाई सुधार की राह देख रही। आप सभी भली भाँति जानते है कि इटावाकला से बड़नगर के बीचों बीच सड़क हमेशा टूट जाती भाजपा के चहेते ठेकेदार हर बार लीपापोती करके अपनी जिम्मेदारी से इतिश्री कर लेते हैं। भाजपा शासन प्रशासन के चहेते भ्रष्ट ठेकेदारों और भ्रष्ट जिम्मेदारों पर इतनी मेहरबानी क्यों। एसडीएम सुधीर कुमार ने बताया कि अभी एनएचएआई को अवगत कराया उन्होंने बताया फिलहाल बारिश का दौर है। अभी मरम्मत कार्य नहीं हो सकता है। जैसे हो बारिश का दौर खत्म होता है। मरम्मत कार्य शुरू किया जाएंगा, फिलहाल छोटे, बड़े गड्ढों में भर्ती मटेरियल से भराव का कार्य किया जा रहा है।

## सामाजिक प्रतिभा सम्मान का आयोजन और शीघ्र ही होगा नगर मे खाती समाज के भवन का निर्माण



**सीहोर।** खाती (चंद्रवंशीय क्षत्रिय) समाज समिति के तत्वाधान में शहर के इंग्लिशपुरा मे समाज की विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक मे सर्वप्रथम समिति के अध्यक्ष रघुनाथ सिंह वर्मा ने सभी उपस्थित समाज जनो का स्वागत कर समिति के समाज हित मे किये जाने वाले कार्यो के बारे मे जानकारी प्रदान की तथा भविष्य की समाज हित के कार्यो की योजनाओ पर प्रकाश डाला। श्री वर्मा ने बताया की खाती समाज की सीहोर मे बहुलता होने पर भी सीहोर मुख्यालय पर समाज का कोई भवन या धर्मशाला उपलब्ध नही है । समाज को अपने सामुदायिक कार्य करने मे काफी परेशानी होती है। बैठक मे समिति सदस्यो व समाज के उपस्थित समाज जनो ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि सीहोर जिला मुख्यालय मे समाज का एक भवन का निर्माण सामाजिक सहयोग से शीघ्र आरम्भ किया जाय। जिसके लिये आने वाली देवऊठनी ग्यारस के दिन विधि-विधान से भूमि पूजन का कार्य सम्पन्न कर समाज के सामाजिक भवन का निर्माण कार्य आरम्भ किया जायेगा। भवन निर्माण के लिये समाज से आर्थिक सहयोग प्राप्त कर कार्य पूर्ण कराया जायेगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए बलराम पटेल ने बताया कि समिति की आम सभा मे समाज के होनहार बच्चो का उत्साहवर्धन के लिये प्रतिभावन बच्चों को समिति व्दारा सम्मानित किये जाएगा। सम्मान के लिये मापदंडो का निर्धारण किया गया। समाज के जिन बच्चो ने कक्षा 10 वीं व 12 वीं मे 85 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त किये हो या जिन्होने खेलकूद मे राज्य या राष्ट्रीय स्तर पर भाग लिया हो, का खाती समाज समिति द्वारा सम्मान किया जायेगा। इसके साथ ही समाज के उत्थान के लिये जिन्होने विशिष्ठ भूमिका निभाई हो उन समाज जनो का भी सम्मान किया जायेगा। बैठक मे 31 अगस्त के कार्यकृम की रुपरेखा तैयार की गई। बैठक मे बलराम पटेल, महेश जलोदिया, रघुनाथ सिंह, डा. अजय सिंह पटेल, रमेश पटेल, ओम प्रकाश वर्मा, प्रेम नारायण जावरिया, अनार सिंह चौहान, बद्री प्रसाद वर्मा, लाडसिंह वर्मा, ठाकुर प्रसाद वर्मा, विजेब्द्र पटेल, धर्मेंद्र वर्मा बनप सिंह वर्मा के अलावा समाज के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## 27 से 29 तक होंगे ऑनलाइन पंजीयन

**सीहोर।** उच्च शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिये एनसीटीई पाठयक्रम संचालित करने वाले शासकीय/अनुदान प्राप्त अशासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए तृतीय अतिरिक्त चरण की समय सारणी जारी की है। जारी समय सारणी के अनुसार, एनसीटीई पाठयक्रमों में प्रवेश में लिए विद्यार्थी 27 से 29 अगस्त तक ऑनलाइन पंजीयन/आवेदन कर सकेंगे। पंजीकृत आवेदनों के दस्तावेजों का सत्यापन 27 से 30 अगस्त तक होगा। प्रवेश के लिये मेरिट सूची का प्रकाशन 1 सितंबर को होगा। विद्यार्थियों के लिए 2 सितंबर को सीट आवंटन जारी किया जाएगा। आवंटित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेजों (टीसी, माइग्रेशन) के साथ भौतिक सत्यापन के लिए विद्यार्थियों को उपस्थित होकर 2 से 4 सितंबर तक लिंक इनिशिएट कराना होगा। विद्यार्थियों को आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश शुल्क का भुगतान 2 से 6 सितंबर तक करना होगा। आवंटित महाविद्यालय में शुल्क के भुगतान की अंतिम तिथि 6 सितंबर है। प्रवेश शुल्क का भुगतान कर चुके आवेदकों का ही प्रवेश मान्य होगा।

## विवेक राठौर के मार्गदर्शन में खाटू श्याम मंदिर की हुई बैठक



**सीहोर ।** सीहोर में आस्था का केंद्र बना खाटू श्याम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 20 एवं 21 नवंबर को भव्य कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। जिसमे 20 नवंबर को शहर में भव्य निशान यात्रा एवं 21 नवंबर को 11 जोड़ो का निशुल्क विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया है जो खाटू श्याम मंदिर पर होगा एवं 1 लाख लोगो का भंडारा सम्पन्न होगा।खाटू श्याम मंदिर संस्थापक एवं कार्यक्रम अध्यक्ष ऋषि सोलंकी के अध्यक्षता में सम्पन्न होगा कार्यक्रम को लेकर बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित खाटू श्याम मंदिर के प्रमुख संरक्षक विवेक राठौर , खाटू श्याम मंदिर समिति के अध्यक्ष जगदीश सोलंकी, खाटू श्याम मंदिर के संरक्षक एवं सिलाई कला बोर्ड सदस्य मांगीलाल सोलंकी, खाटू श्याम मंदिर समिति उपाध्यक्ष दिनेश सोलंकी, मंदिर समिति कोषाध्यक्ष मनीष सोलंकी, मंदिर समिति सदस्य यश सोलंकी, पार्षद दिलीप राठौड़ , सचिन त्यागी, विनोद राजपूत, ब्रज ,अरविंद ,अनिल ,अतुल एवं मंदिर के सभी सदस्य उपस्थित रहे।


## कार्यालय नगर परिषद इछावर जिला - सीहोर (म.प्र.)

क्रमांक 1055/न.प.ई/2026 इछावर दिनांक 21/08/2025

**प्रथम निविदा आमंत्रण**

वार्ड क्रमांक 07 में आजाद चौक एवं वार्ड क्रमांक 07 में बैंक आफ इंडिया के पास इछावर में प्रथम निविदा मे 22 दुकानों को 30 वर्ष के लिए अचल संपत्ति अंतरण नियम 2016 के प्रावधानों के अंतर्गत उपयोग का अधिकार निर्धारित मासिक किराया एवं अधिकतम प्रीमियम राशि के आधार पर दिये जाने हेतु ई-निविदा साईट www.mptenders.gov.in पर प्रदर्शित शर्तों के आधीन आनलाईन निविदा आंमत्रित की जाती है।

| क्र. | ई निविदा क्रं. | दुकान क्रं. | दुकान का आरक्षण | दुकान का क्षेत्रफल वर्गमीटर में | दुकान का अनुमानित लागत मुल्य | प्रतिभूमि निक्षेप राशि (अमानत राशी) | ई-टेंडर प्रपत्र राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_ UAD_445814 | 1 | अनारक्षित दुकान | 3x4=12 वर्गमीटर | 850000 | 85000 | 2000/- |
| 2 | 2025_UAD_445815 | 2 | अनारक्षित दुकान | 3x4=12 वर्गमीटर | 850000 | 85000 | 2000/- |
| 3 | 2025_UAD_445816 | 3 | अन्य पिछडा वर्ग | 3x4=12 वर्गमीटर | 850000 | 85000 | 2000/- |
| 4 | 2025_ UAD_445819 | 4 | अनारक्षित दुकान | 3x4=12 वर्गमीटर | 850000 | 85000 | 2000/- |
| 5 | 2025_ UAD_445820 | 5 | अजा | 3x4=12 वर्गमीटर | 850000 | 85000 | 2000/- |
| 6 | 2025_ UAD_445821 | 6 | अनारक्षित दुकान | 3x4=12 वर्गमीटर | 850000 | 85000 | 2000/- |
| 7 | 2025_UAD_445822 | 7 | अजा | 3x4=12 वर्गमीटर | 850000 | 85000 | 2000/- |
| 8 | 2025_UAD_445823 | 8 | अनारक्षित दुकान | 3x4=12 वर्गमीटर | 850000 | 85000 | 2000/- |
| 9 | 2025_UAD_445825 | 9 | अनारक्षित दुकान | 3x4=12 वर्गमीटर | 850000 | 85000 | 2000/- |
| 10 | 2025_UAD_445826 | 10 | अनारक्षित दुकान | 3x4=12 वर्गमीटर | 850000 | 85000 | 2000/- |
| 11 | 2025_UAD_445827 | 11 | अनारक्षित दुकान | 3x4=12 वर्गमीटर | 850000 | 85000 | 2000/- |
| 12 | 2025_ UAD_445828 | 12 | अनारक्षित दुकान | 3x4=12 वर्गमीटर | 850000 | 85000 | 2000/- |
| 13 | 2025_UAD_445829 | 13 | अजा | 3x4=12 वर्गमीटर | 850000 | 85000 | 2000/- |
| 14 | 2025_UAD_445831 | 14 | अजा | 3x4=12 वर्गमीटर | 850000 | 85000 | 2000/- |
| 15 | 2025_UAD_445834 | 15 | अनारक्षित दुकान | 3x4=12 वर्गमीटर | 850000 | 85000 | 2000/- |
| 16 | 2025_UAD_445837 | 16 | अनारक्षित विधवा महिला | 3x4=12 वर्गमीटर | 850000 | 85000 | 2000/- |
| 17 | 2025_UAD_445840 | 17 | अनारक्षित दुकान | 3x4=12 वर्गमीटर | 850000 | 85000 | 2000/- |
| 18 | 2025_UAD_445842 | 18 | अनारक्षित दुकान | 3x4=12 वर्गमीटर | 850000 | 85000 | 2000/- |
| 19 | 2025_ UAD_445843 | 19 | अनारक्षित दुकान | 3x4=12 वर्गमीटर | 850000 | 85000 | 2000/- |
| 20 | 2025_UAD_445844 | 20 | अनारक्षित दुकान | 3x4=12 वर्गमीटर | 850000 | 85000 | 2000/- |
| 21 | 2025_UAD_445846 | 21 | अनारक्षित दुकान | 3x4=12 वर्गमीटर | 850000 | 85000 | 2000/- |
| 22 | 2025_ UAD_445847 | 22 | अनारक्षित दुकान | 3x4=12 वर्गमीटर | 850000 | 85000 | 2000/- |

1. निविदा ऑनलाईन क्रय तथा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 22.09.2025 साय 05:30 बजे तक ।
2- निविदा खोलने की दिनांक 24.09.2025 प्रात: 11:00 बजे
3- अन्य किसी प्रकार का संशोधन निविदा में ऑन लाईन पोर्टल पर किया जावेगा ।
4- नियम एवं शर्ते कायार्लीन समय पर कार्यालय नगर परिषद इछावर के राजस्व शाखा में देखी जा सकती है।

**देवेन्द्र वर्मा**
**अध्यक्ष**
**नगर परिषद इछावर**

**धरमराज यादव**
**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर परिषद इछावर**



mp gb आपका अपना बैंक

## मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल नाका सीहोर (म.प्र.)

### अधिपत्य नोटिस तथा "जहाँ है जैसा है" आधार पर संपत्ति नीलामी (निविदा) सूचना

अद्योहस्ताक्षरकर्ता मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (12) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित ऋणग्रहिता को ब्याज राशि सहित नोटिस प्राप्ति के दिनांक से 60 दिन की समयावधि से भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। ऋणग्रहिता राशि का भुगतान करने में असफल रहा है। अतः ऋणग्रहिता और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता जो उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) सहपंक्ति उक्त नियम (9) के साथ पढ़ा जावे। ऋणग्रहिता एवं जमानतदार को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्य एतद् द्वारा निम्न वर्णित सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार निम्नलिखित खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज राशि के लिये निम्न खाते के सामने अंकित मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक, शाखा सीहोर मण्डी के अधीन होगा। उक्त अधिनियम की धारा (13) 4 के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों के तहत बैंक की हमारी सीहोर मण्डी शाखा में बंधक रखी नियामानुसार परिसम्पत्ति के विक्रय हेतु निविदायें आमंत्रित करता है।

| क्र. | ऋणी एवं जमानदार का नाम | मांग नोटिस की दिनांक को देय राशि रुपये में | बंधक सम्पत्ति का विवरण व स्वामी का नाम | आरक्षित मूल्य (रुपये में) | धरोहर राशि (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **ऋणी -** **1. श्री रंजीत शर्मा पिता श्री नगीना शर्मा** **2. मेसर्स शर्मा स्टील वर्कशॉप प्रो. श्री रंजीत शर्मा पिता श्री नगीना शर्मा** **निवासीगणः-** शर्मा स्टील वर्कशॉप, बी-6 डीपो चौराहा भोपाल पिन 462003 म.प्र. **जमानतदारः-** **श्री सत्यनारायण अग्रवाल पिता श्री मूलचंद अग्रवाल** **निवासीः-** माता मंदिर गल्ला मण्डी चौराहा, सीहोर, जिला सीहोर (म.प्र.) पिन कोड 466001 म.प्र. | रु. 5,48,002.04 (अक्षरी रुपये पांच लाख अड़तालीस हजार दो रुपये पैसे चार मात्र)+एवं दिनांक 14.02.2024 व्यय से ब्याज+अन्य नोटिस दिनांक 06.04.2024 कब्जा दिनांक 23.08.2024 कब्जा सूचना प्रकाशन दिनांक एवं पूर्व विक्रय सूचना दिनांक 30.08.2024 | सम्पति मालिक का नाम- श्री रंजीत शर्मा पिता श्री नगीना शर्मा **वर्तमान निवासः** शर्मा स्टील वर्कशॉप, बी-6 डीपो चौराहा भोपाल पिन 462003 (म.प्र.) का **भूखण्ड खसरा क्रमांक 462-464/4 का भाग 750 वर्गफिट यानि 69.702 वर्गमीटर। पूर्व से पश्चिम 50 फिट तथा उत्तर से दक्षिण 15 फिट स्थित ग्राम बिजोरी तहसील व जिला सीहोर म.प्र** उक्त संपति की चतुर्सीमायें (हक विलेख से) निम्नानुसार हैः- **पूर्व की ओर-** रास्ता निस्तारी 20 फिट चौड़ा, **पश्चिम की ओर-** राजाराम, कमल, मनोज का भूखण्ड, **उत्तर की ओर-** राजाराम, कमल, मनोज का भूखण्ड, **दक्षिण में-** राजाराम, कमल, मनोज का भूखण्ड | 525000 (रुपये पाँच लाख पच्चीस हजार मात्र) | 52500 (रुपये बावन हजार पाँच सौ मात्र) |
| 2 | **मुख्य ऋणी -** **श्री रवि सिसोदिया पिता श्री बाबूलाल सिसोदिया** **निवासी-** नारायणदास कम्पाउण्ड, लांबा वकील के पास, सीहोर जिला सीहोर **जमानतदारः-** **श्री रूपेश सिसोदिया पिता श्री बाबूलाल सिसोदिया** **निवासी-** नारायणदास कम्पाउण्ड, लांबा वकील के पास सीहोर, जिला सीहोर | रु. 911631.40 (अक्षरी रुपये नौ लाख ग्यारह हजार छहः इक्कतीस पैसे चालीस)+एवं दिनांक 01.05.2023 से ब्याज+अन्य व्यय नोटिस दिनांक 31.05.2023 कब्जा दिनांक 21.08.2023 कब्जा सूचना प्रकाशन दिनांक एवं पूर्व विक्रय सूचना दिनांक 26.08.2023 | सम्पति मालिक का नाम - **श्री रूपेश सिसोदिया पिता श्री बाबूलाल सिसोदिया** निवासी नारायणदास कम्पाउण्ड, लांबा वकील के पास सीहोर, जिला सीहोर (म.प्र.) का **डायवर्टेड प्लाट खसरा नं. 382, नया खसरा क्र. 382/3/2, रकबा 1.538 है. में से डायवर्टेड रकबा 2.50 एकड़ में से 2.44 एकड़ यानि 0.987 हैक्टयर का भाग, स्थित छावनी सीहोर, वार्ड क्र. 10 (शेष वार्ड नगरपालिका परिषद्, क्षेत्र सीहोर, तहसील व जिला सीहोर प्लाट की पैमाईश पूर्व से पश्चिम 25'-00" फिट एवं उत्तर से दक्षिण 35-00" फिट है।** उक्त संपति की चतुर्सीमायें (हक विलेख से) निम्नानुसार हैः- **पूर्व में -** सोनी जी का भूखण्ड। **पश्चिम में -** राजेन्द्र चौहान का भूखण्ड। **उत्तर में -** रास्ता निस्तारी 25 फिट चौड़ा। **दक्षिण में -** चन्द्रवंशी जी का भूखण्ड। | 6,12,000 (रुपये छहः लाख बारह हजार मात्र) | 61,200 रुपये इकसठ हजार दो सौ मात्र) |

**नियम व शर्तेंः-** उपरोक्त सम्पत्ति उल्लेखित आरक्षित मूल्य से कम में विक्रय नहीं की जावेगी, निविदा में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को उपरोक्त वर्णित धरोहर राशि (अर्नेस्ट डिपाजिट) प्रबंधक मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा सीहोर मण्डी को देय पे आर्डर/डिमांड ड्राफ्ट के रूप में निविदायें खोलने से पूर्व दिनांक 25.09.2025 को अपरान्ह 4:00 बजे तक जमा करना होगा जो निविदाकर्ता के सफल होने पर समायोजित की जावेगी, अन्यथा रकम नीलामी के 7 दिवस में वापस लौटा दी जावेगी। सफल निविदाकर्ता को नीलामी समाप्त होते ही विक्रय राशि की 25 प्रतिशत राशि तुरंत पे आर्डर/डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से, जो कि मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक के पक्ष में देय हो, जमा करवाना होगा तथा शेष राशि 15 दिवस में जमा करना होगी। ऐसा नहीं करने पर उपरोक्त धरोहर राशि जब्त कर ली जावेगी। सम्पत्ति जहां है जैसी है एवं जो है जैसा है के आधार पर विक्रय की जावेगी। सर्वोच्च निविदा प्राधिकृत अधिकारी मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय सीहोर के अनुमोदन के अधीन होगी तथा खरीदी हुई सम्पत्ति की स्टाम्प ड्यूटी एवं रजिस्ट्री व अन्य संबंधित सभी खर्च खरीददार को देना होगा। उक्त सम्पत्ति के संबंध में यदि कोई आवश्यक अज्ञात देय राशि हुई तो वह क्रेता द्वारा ही जमा होगी। बैंक को समस्त या किसी एक निविदा या निविदा खोलने की प्रक्रिया को निरस्त या स्थगित करने का पूर्ण अधिकार होगा एवं निविदा प्रक्रिया को बोली द्वारा नीलामी किये जाने हेतु स्वतंत्र होगा। अन्य विवरण तथा विक्रय उद्घोषणा संबंधित सभी जानकारियां मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय सीहोर एवं प्रबंधक शाखा सीहोर मण्डी से प्राप्त की जा सकती है।
**नोटः उपरोक्त निहित सम्पत्ति का निरीक्षण दिनांक 25.09.2025 तक बैंक के संबंधित शाखा प्रबंधक की उपस्थिति में दोपहर 1:00 बजे से सायं 5:00 बजे के मध्य किया जा सकता है।**

| | |
|---|---|
| **निविदा जमा करने की अंतिम दिनांकः- 25.09.2025, दिन गुरुवार, समय दोपहर 4:00 बजे तक स्थानः मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा- सीहोर मण्डी** | **निविदा खोलने/नीलामी की दिनांकः- 26.09.2025, दिन शुक्रवार, समय दोपहर 3:00 बजे स्थानः मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय सीहोर** |


स्थानः सीहोर
दिनांकः- 25.08.2025

प्राधिकृत अधिकारी

सिविल सर्जन ने हेल्थ कमीशनर को जनवरी में ही भेज दिए थे डॉ अंजली के संदेहयुक्त दस्तावेज

# क्लास 1 डॉ गायनिक, पर नहीं आता प्रसूताओं का ऑपरेशन, फर्जी अंकसूची से पाया प्रमोशन!

## डिप्लोमा अंकसूची में एक्जाम सेंटर कलकत्ता में और शहर का नाम गाजियाबाद दर्ज


Dr. C. S. Dawn
Indian College of Maternal & Child Health (ICMCH)
Mark - Sheet
Session - 2009-2011
Name of the Candidate - DR. ANJALI SHARMA
Roll No. - 1820199
Examination Centre - KOLKATA
Name of the Fellow Guide - DR. SHIKHA SAXENA
City - GHAZIABAD
PASS


Indian College of Maternal & Child Health (ICMCH)
NATIONAL ASSOCIATION FOR REPRODUCTIVE & CHILD HEALTH OF INDIA (NARCHI)
AFFILIATED TO
INTERNATIONAL ASSOCIATION FOR MATERNAL & NEONATAL HEALTH (IAMANEH), GENEVA
This is to certify that
Dr. Anjali Sharma
has successfully passed the DIPLOMATE OF GYNAECOLOGY & OBSTETRICS Post Graduate training and evaluation programme of the college during the course period of 2009-2011 in the examination of 2011 conducted by the National Examination Body.
His/Her Fellow Guide was Dr. Shikha Saxena

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

क्लास 1 ऑफीसर बनना वो भी फर्जी दस्तावेजों के सहारे यह मुन्ना भाई एमबीबीएस जैसे डॉक्टर जिला अस्पताल में आज भी काम कर रहे है और शासन प्रशासन सिर्फ मुंह तांक रहे है न ही कोई कार्रवाई हो पा रही और न ही दूसरे किसी डॉक्टर की नियुक्ति, जिससे प्रसूताओं और गर्भवतीयों को जिला मुख्यालय पर स्वास्थ्य लाभ मिल सके।

मामला क्लास 1 का प्रमोशन लेने वाली गायनिक डॉ अंजली शर्मा से जुडा हुआ है जिन्होने पोस्ट ग्रेजुएशन की जगह एक डिप्लोमा का प्रमाणपत्र लगाया और क्लास बन हो गई परंतु हैरत की बात तो यह है कि इन्हें गर्भवती महिलाओं के ऑपरेशन तक नहीं आते है इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इनका प्रमोशन किसके लिए लाभ दायक है। इस बारे में जब पिछले दिनों भोपाल से ज्याइंट डायरेक्टर डॉ नीरा चैधरी रीजनल डायरेक्टर द्वारा जिला अस्पताल का निरीक्षण किया गया तो उनसे हुए संवाद में डॉ अंजली शर्मा ने यह बात स्वीकार करते हुए कहा कि उन्हें गर्भवती महिलाओं के ऑपरेशन करना नहीं आता जिस पर रीजनल डायरेक्टर भी अचंभित रह गई। जब अधिकारी ने सिविल सर्जन डॉ नितिन पटेल से पूछा गया तो उन्होने बताया कि डॉ अर्चना की डिग्रियों और प्रमोशन संबंधी सभी दस्तावेज भोपाल हेल्थ कमीशनर तक पहुंचा दिए गए है।

### डिप्लोमेट इन गायनिक एवं डिआईपी जीओ अंकसूचियों पर संदेह

डॉ अंजली शर्मा द्वारा जेनेवा से 2009-11 में डिप्लोमेट ऑफ गायनिक एंड ऑवटेटिक्स करना बताया एवं 2010-2011 में डिआईपी डॉट जीओ में डिप्लोमा कलकत्ता से किया गया है जिसमें भी परीक्षा कें्रद कलकत्ता बताया गया एवं शहर का नाम गाजियाबाद लिखा गया है। इन्ही सभी अनियमितताओं के चलते एवं पोस्ट ग्रेजुएट न होने पर भी क्लास वन का प्रमोशन पर सवालियां निशान लग गए है।

### हेल्थ कमीशनर भी नहीं कर पाए 8 महिने में कोई ठोस कार्रवाई

क्लास-1 प्रमोशन के बाद विवादों में आई डॉ अंजली शर्मा स्त्री रोग विशेषज्ञ पर एनजीओ द्वारा दिया गया डीजीओ डिप्लोमा से प्रमोशन लेने का आरोप है जिसको पोस्टग्रेजुएट के समकक्ष बताकर क्लास -1 का प्रमोशन ले लिया गया है। जिस पर सिविल सर्जन ने 6 जनवरी 2025 को हेल्थ कमीश्नर भोपाल को समस्त दस्तावेज भेजकर इस बात से अवगत कराया परंतु हैरत है कि 8 महिने बाद भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्रवाई नहीं कर पाया है।

**निर्णय लेंगे**

हां, जांच तो चल रही है इनके दस्तावेजों के संबंध में जल्दी ही सही या गलत होने का निर्णय ले लिया जाएगा।

**डॉ हेमेन्द्र सिंह कदम** डिप्टी डायरेक्टर हेल्थ भोपाल

संकट मोचन बलड़ी क्षेत्र का मामला

## परिजनों से कहासुनी के बाद फांसी के फंदे पर झूला युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



इन दिनों क्षेत्र के युवा छोटे-मोटे कारणों के चलते अपना अमूल्य जीवन गवाने पर तुले हैं। ऐसे ही एक मामले में स्थानीय संकट मोचन कॉलानी क्षेत्र निवासी एक युवक ने रविवार रात्रि परिजनों से हुई थोड़ी कहासुनी के बाद कमरे में जाकर फांसी लगा ली। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा इत्यादि के उपरान्त सोमवार को मृतक के पीएम उपरान्त शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं लग पाया है। जानकारी के अनुसार संकट मोचन कॉलोनी निवासी 28 वर्षीय महेश पिता गंगाराम मेवाड़े ने रविवार रात्रि करीब 8.30 बजे अपने घर पर ही फांसी का फंदा बनाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। इस घटना के पहले किसी बात पर मृतक महेश की परिजनों से कुछ कहासुनी भी हुई थी। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामे की कार्यवाही उपरान्त शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया। सोमवार सुबह जिला चिकित्सालय में मृतक के पोस्टमार्टम उपरान्त शव को परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

### गाय बांध रहे किशोर के गले में फंस गई रस्सी, मौत

**विदिशा।** ओलिंजा गांव में एक दुखद घटना सामने आई है। शनिवार शाम को गाय को बांधते समय रस्सी गले में फंसने से 14 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। सागर निवासी कृष्ण पटेल अपनी मां के साथ मामा के घर ओलिंजा आया हुआ था। शाम के समय वह गाय को बांध रहा था। इसी दौरान अचानक रस्सी उसके गले में उलझ गई। कृष्णपाल ने रस्सी निकालने का प्रयास किया। लेकिन वह सफल नहीं हो पाया। इससे उसकी स्थिति बिगड़ने लगी। परिजनों ने जैसे ही यह देखा तुरंत उसके गले से रस्सी निकालने का प्रयास किया। किसी तरह रस्सी तो खोल दी गई, लेकिन तब तक किशोर की हालत खराब हो चुकी थी। उसे तुरंत विदिशा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। वहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने महाविद्यालय की समस्या को लेकर आवेदन प्राचार्य को सौंपा



**जीरापुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय जीरापुर को आवेदन प्रस्तुत कर महाविद्यालय में हो रहे घटिया निर्माण की शिकायत दर्ज कराई गई।आवेदन में उल्लेख किया कि टीनशैड पेवर ब्लॉक आदि का निर्माण घटिया रूप से हो रहा है। कॉलेज प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। ऐसे में छात्र-छात्राओं को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।इसी प्रकार एक ओर आवेदन में अतिथि विद्वान को नियम विरुद्ध नियुक्ति के संबंध में प्रेषित किया गया कि हिंदी विषय के पद पर अतिथि विद्वान की नियुक्ति होना थी जो कि अतिथि विद्वान की प्रक्रिया के बिल्कुल विपरीत बिना किसी शासकीय आदेश के नियुक्ति तिथि 22৬8৬2025 के बाद दिनांक 23৬8৬2025 को प्राचार्य हिमांशु चेष्टा द्वारा नियुक्ति दी गई,जो शासन के नियम विरूद्ध है शासन द्वारा जो नियुक्ति लिस्ट जारी की गई उसमें कहीं भी हिंदी विद्वान का नाम नहीं था।जबकि 22৬8৬2025 होने के बाद प्राचार्य हिमांशु चाष्टा द्वारा हिंदी विषय में नेहा गुप्ता को ज्वाइन कराया गया जिसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई। आवेदन देने वालों में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रांतीय सदस्य अर्जुन दांगी ,पूर्व अध्यक्ष पवन सिसोदिया , संयोजक कमलेश दांगी ,केम्पस अध्यक्ष नरेंद्र चैहान , मीडिया प्रभारी राहुल दांगी, केम्पस अध्यक्ष निकिता प्रजापति , सहित रामपाल सिसोदिया , अंकित दांगी , शुभम , रीना प्रजापति , मनीषा पवांर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस संबंध में महाविद्यालय प्राचार्य डा.हिमांशु चाष्टा का कहना है नेहा गुप्ता ट्रांसफर होकर आई पूर्ववत नियमानुसार ज्वाइन की गई है। इस संबंध में नेहा गुप्ता अतिथि विद्वान (प्राध्यापक) का कहना है कि शासन की ओर से ट्रांसफर होकर आई जो नियमानुसार है।'

स्वदेशी को बढ़ावा देने सेवा भारती संस्था की पहल

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने इलेक्ट्रिक सीरीज बनाने का दिया गया प्रशिक्षण



**राजगढ़।** सेवा भारती संस्था अपने विभिन्न प्रकल्पों के जरिए महिलाओं सहित अन्य को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों में जुटी हुई है। आगामी दिनों में आने वाले त्यौहारों के मद्धेनजर घर की साज-सज्जा चायनीज सामानों की बजाय स्वदेशी उत्पादों से की जाए, इसके लिए भी सेवा भारती द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में संस्था द्वारा स्वदेशी को बढ़ावा देने एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्धेश्य से खिलचीपुर एवं छापीहेड़ा क्षेत्र की 80 महिलाओं को स्थानीय स्तर पर इलेक्ट्रिक सीरीज बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इसके लिए संस्था द्वारा महिलाओं को कच्चा माल भी उपलब्ध करवाया गया। इस दौरान महिलाओं को बताया गया कि बाजार में मंहगे दामों में मिलने वाली अनेकों ऐसी वस्तुएं हैं जिनका निर्माण हम घर ही कर सकते हैं। सेवा भारती के प्रांत प्रशिक्षक बलराम ने सभी महिलाओं को सीरीज बनाने का प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला संघचालक प्रेमसिंह दांगी, सेवा भारती के जिलाध्यक्ष रामकृष्ण गुप्ता, उपाध्यक्ष जया जायसवाल, सचिव मार्तण्ड सिंह सौलंकी, रामकला तोमर, आकांक्षा दुबे सहित अन्य उपस्थित थे।

बारिश में भी कम नहीं हुआ उत्साह

## बाबा रामदेव के जन्मोत्सव पर निकाला भव्य चल-समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान कृष्ण के अवतार माने जाने वाले बाबा रामदेव का जन्मोत्सव सोमवार को क्षेत्र में धूमधाम, उल्लास एवं विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ मनाया गया। इस दौरान तंवर समाज सहित बाबा रामदेव के अन्य भक्तों द्वारा नगर में एक भव्य चल-समारोह भी आयोजित किया गया। स्थानीय रामलीला कॉलोनी स्थित बाबा रामदेव मंदिर से पूजा-अर्चना उपरान्त ढोल-ढमाकों एवं डीजे की धुन के साथ आरंभ हुआ चल-समारोह खिलचीपुर नाका, बाईपास, नाका नंबर-3, मेन मार्केट, जय स्तंभ चैक, किला क्षेत्र, तुल्ली चैक, पुराना बस स्टैंड होते हुए ढंढ जोड़ स्थित बाबा रामदेव मंदिर पहुंचकर समाप्त हुआ। इस दौरान अनेकों स्थानों पर विभिन्न धार्मिक, सामाजिक, राजनैतिक एवं स्वयंसेवी संगठनों द्वारा चल-समारोह में शामिल लोगों का कहीं पुष्पवर्षा तो कहीं शीतल जल से स्वागत, अभिनंदन किया गया। चल-समारोह के दौरान बीच-बीच में बारिश भी हुई लेकिन यह वर्षा श्रद्धालुओं के उत्साह को कम नहीं कर पाई।

### मंदिर में महाआरती उपरान्त भंडारा आयोजित

चल-समारोह के बाबा रामदेव मंदिर पहुंचने पर पूजा-अर्चना उपरान्त महाआरती की गई। इसके उपरान्त मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसादी गृहण करते हुए बाबा रामदेव का आर्शिवाद प्राप्त किया। चल-समारोह हेतु सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के लिहाज से स्थान-स्थान पर पुलिसकर्मियों को ड्यूटी पर तैनात किया गया था।

## माटी के गणेश निर्माण कार्यशाला का आयोजन, मंत्री टेटवाल ने दी प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में स्थानीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में माटी गणेश निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य ममता खुईया ने की कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर की, इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री डॉ. टेटवाल ने कहा कि ष्आज पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से हमें माटी से बने गणेश की स्थापना करनी चाहिए। केमिकलयुक्त रंगों और प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी मूर्तियां विसर्जन के बाद गलती नहीं हैं और जल स्त्रोतों को दूषित करती हैं। माटी से निर्मित गणेश मूर्तियों की स्थापना कर हम नदियों को स्वच्छ और पर्यावरण को सुरक्षित रखने में योगदान दे सकते हैं।ष उन्होंने आगे कहा कि हमारे भैया-बहनों की उंगलियों में अनंत कलाएं हैं, जिसका उत्कृष्ट उदाहरण इस प्रशिक्षण कार्यशाला में देखने को मिला। वही प्रशिक्षक सुशील व्यास 'सारंग' के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने सुंदर-सुंदर गणेश प्रतिमाओं का निर्माण किया है। मंत्रीजी ने सभी को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए आह्वान किया कि "हम सब अपने घरों में माटी से बने गणेश स्थापित करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।"

कार्यक्रम की भूमिका जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक बद्रीलाल बामनिया ने प्रस्तुत की। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ममता खोइया, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, विकास दीक्षित, निलेश वर्मा रवि शर्मा, मनोहर लववंशी, नपा सीएमओ सुश्री ज्योति सुनहरे मेंटर्स पवन सिंह राजपूत,अनिल विश्वकर्मा सहित महाविद्यालय स्टॉप एवं छात्र छात्राएं मौजूद थे।

## मंत्री टेटवाल ने लोक देवता रामदेव की पूजा-अर्चना

### नपा कर्मियों को पहचान पत्र हेतु वर्दी वितरण के दिए निर्देश



**सारंगपुर ।** लोक देवता रामदेव की समूचे शीट,,,में अनुयाइयों द्वारा पूजा अर्चना आरती भंडारा किया गया ,इसी क्रम में नगर पालिका परिषद सारंगपुर के परिसर में स्थित रामदेव मंदिर पर राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने सपत्नीक पूजा अर्चना की ,इसके बाद नपा सीएमओ ज्योति सुनेरे को निर्देश दिए कि नपा के समस्त कर्मचारियों का पहचान पत्र एवं नियमानुसार वर्दी वितरण की जाएं साथ ही सभी कर्मचारियों की उपस्थिति सार्थक एप के माध्यम से लगाई जाएं वहीं रामदेव महाराज के मंदिर पर सपरिवार विधि विधान से पूजन कर मंदिर के जीणोद्धार के लिए राज्य मंत्री टेटवाल की माता जी की और से 50 हजार रुपए देने की घोषणा की,वही सीएमओ ज्योति सुनेरे द्वारा तत्काल ही उपयंत्री को निर्देश दिए कि उक्त मंदिर निर्माण कार्य का कार्य जल्द कराया जाए ।



## झंडा चौक स्थित मतदान केंद्र भवन तोड़ने का विरोध जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

नगर परिषद द्वारा झंडा चोक स्थित मतदान केंद्र का भवन जो अच्छी हालत में था उसे शुक्रवार रात्रि में नगर परिषद द्वारा तोड़ दिया गया जिसका विरोध नगर परिषद के अनेक पार्षदों सहित उपाध्यक्ष ने भी किया सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ सोमवार दोपहर नायब तहसीलदार रामनिवास को एसडीएम खिलचीपुर के नाम एक ज्ञापन दिया! जिसमे को पार्षदों के साथ सांसद प्रतिनिधि और भाजपा मंडल अध्यक्ष सहित भाजपा पार्षदों ने अपनी सील लगाकर हस्ताक्षर किए हैं। ज्ञापन में इस बात का विशेष रूप से उल्लेख किया गया है की भवन विभन्न प्रकार से उपयोगी था वा अच्छे हालत में था जिसका उपयोग मतदान केंद्र के रूप में उपयोग भी किया जाता था इसे बिना चुनाव आयोग वा परिषद की मंजूरी के तोड़ दिया गया है अतः इसे वापस बनाया जाए। वरना जनता द्वारा उग्र आंदोलन किया जावेगा इस ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्य निर्वाचन अधिकारी भोपाल वा कलेक्टर राजगढ़ को भी भेजी गईं हैं।

टाइम लिमिट बैठक में विभिन्न लापरवाहियों पर नजर आया कलेक्टर का सख्त रुख

# सचिव निलंबित, 3 तहसीलदारों को नोटिस, तीन की वेतनवृद्धि रोकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार दोपहर कलेक्टोरेट सभागार में टाईम लिमिट बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के प्रकरणों, ई-ऑफिस लॉगिन, शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन एवं विभागीय उत्तरदायित्वों की गहन समीक्षा की गई।

कुछ प्रकरणों में शिकायतकर्ताओं से अधिकारियों ने सीधे संवाद कर तत्काल समाधान की पहल की। बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने तहसीलदार जीरापुर, खिलचीपुर और नरसिंहगढ़ को सीएम हेल्पलाइन में खराब प्रदर्शन के कारण कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास के जुड़े एक मामले में पंचायत सचिव की लापरवाही नजर आने पर कलेक्टर ने संबंधित सचिव एवं रोजगार सहायक का एक माह का वेतन वसूलकर जो हितग्राही प्रधानमंत्री आवास में पात्र हैं, उन्हें भुगतान किए जाने के निर्देश ब्यावरा जनपद पंचायत के सीईओ को प्रदान किए वहीं पंचायत सचिव श्री हिंदू सिंह को निलंबित करने के आदेश दिए। कलेक्टर ने ई-ऑफिस व्यवस्था के तहत अब तक लॉगिन न करने वाले अधिकारियों पर जुर्माना लगाया गया। श्री सुभाष दांगी, श्री राजीव मोर्या एवं श्री अनिल कुमार मेवाड़े की 1-1 वेतनवृद्धि रोकने के आदेश दिए गए।

### शिक्षक एप पर उपस्थिति नहीं लगाने वाले शिक्षकों का वेतन काटने दिए निर्देश



### अच्छे कार्य करने वालों को मिली प्रशंसा

ऊर्जा विभाग को सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के प्रभावी निराकरण हेतु सराहना प्राप्त हुई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सारंगपुर को ई-केवायसी प्रक्रिया में उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशंसा की गई। गत दिवस निति आयोग के आकांशी ब्लॉक व आंकाक्षी जिला के संपूर्णता अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले अधिकारियों में जिपं एसीईओ अर्पित गुप्ता, जीरापुर जनपद के तत्कालीन सीईओ हेमेंद्र ग्वाली एवं ई- गर्वेनेस प्रबंधक अभिषेक रघुवंशी शामिल हैं। पीएम किसान सम्मान निधि और जननी सुरक्षा योजना से संबंधित मामलों की प्रकरणवार समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। आबकारी विभाग को निर्देशित किया गया कि वह सीएम हेल्पलाइन शिकायतों को गंभीरता एवं प्राथमिकता के साथ लें।

### ई-अटेंडेंस न लगाने वाले शिक्षकों का वेतन काटा जाए

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने निर्देशित किया कि जो शिक्षक समय पर ई-उपस्थिति दर्ज नहीं कर रहे हैं, उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। संबंधित प्रधानाध्यापक एवं जनशिक्षक को निर्देशित किया गया कि वे शिक्षकों की उपस्थिति की नियमित एवं सख्त निगरानी करें। अतिथि शिक्षक यदि अपनी उपस्थिति समय पर दर्ज नहीं करते हैं तो उस दिन का मानदेय उन्हें न दिया जाए। यदि ऐसे दिनों का भुगतान हो जाता है, तो वह राशि संबंधित प्रधानाध्यापक एवं जनशिक्षक से वसूली जाएगी। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि हमारे शिक्षक एप द्वारा नियमित शिक्षक, कर्मचारियों और अतिथि शिक्षकों द्वारा दर्ज की जाने वाली प्रतिदिन की उपस्थिति एवं इसकी मॉनिटरिंग की जानकारी ब्लॉकवार दर्ज की जाए। ऐसे संकुल जहां शिक्षकों द्वारा कम संख्या में अटेंडेंस ऐप के माध्यम से उपस्थिति लगाई जा रही है, उन संकुल प्राचार्य को नोटिस दिए जाने के साथ ही प्रतिमाह ई-अटेंडेंस में कमी होने पर वेतन रोकने के लिए पत्र जारी किए जाए।

### शिकायतें पेंडिंग रखीं तो लगेगा जुर्माना

सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक शिकायत का निपटारा 15 दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जाए। अनावश्यक विलंब पर 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। ऑफलाइन शिकायतें अब किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएंगी। सभी शिकायतें केवल ऑनलाइन मोड में दर्ज हों।

## खबर संक्षेप

### छात्र-छात्राओं ने बनाए मिट्टी के मन मोहक गणेश



**सीहोर।** पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए छात्रों द्वारा मिट्टी के गणेश जी एवं कागज के मनमोहक फूल बनाने के साथ ही यह शपथ भी ली गई कि पीओपी से बनी गणेश जी की प्रतिमाओं का बहिष्कार करेंगे व मिट्टी से बने इको फ्रेंडली गणेशजी ही स्थापित करेंगे। इस अवसर पर इको क्लब प्रभारी जितेंद्र बड़ौदिया द्वारा छात्र-छात्राओं को पीओपी से जलाश्यों के जीवों व पर्यावरण को होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया एवं ज्योति त्यागी द्वारा मिट्टी के गणेशजी बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर प्राचार्य आर.डी. सोलंकी व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### श्री राष्ट्रीय हिंदू परिषद के प्रदेश मंत्री मप्र लाल सिंह को नियुक्त



**जावर ।** श्री राष्ट्रीय हिन्दू परिषद संरक्षक श्री श्री 1008 बलदेव दास महाराज संस्थापक केसर सिंह सांखला राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धनंजय सिंह यादव की अनुशंसा पर लाल सिंह भादर सिंह कबीर खेड़ी मंदा मेहतवाड़ा को राष्ट्रीय हिन्दू परिषद का प्रदेश मंत्री मध्यप्रदेश नियुक्त किया गया है इनकी नियुक्ति पर इनके मित्रों ने शुभचिंतकों ने और परिषद के सदस्यों ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

गणेश स्थापना के लिए बड़े-बड़े पंडाल बनकर तैयार, आज होगी धूमधाम से स्थापना

# 10 दिन तक अंचल में रहेगी गणेशोत्सव की धूम, शुभ मुहूर्त में 100 से अधिक पंडालों पर विराजेंगे गजानन

10 दिवसीय गणेश उत्सव की नपध्यक्ष मारुति शिशिर बोले माटी गणेश सिद्ध गणेश घर-घर स्थापित करे








हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आष्टा शहर सहित पूरे ब्लॉक में 10 दिवसीय गणेश चतुर्थी पर्व की तैयारियां अंतिम चरण में है बाजारों में रौनक बढ़ गई है और मंदिरों को सजाया जा रहा है शहर के बड़ा बाजार स्थित प्राचीन और ऐतिहासिक गणेश मंदिर में भी गणेश उत्सव की तैयारी की जा रही है,शहर के भोपाल नाका, बड़ा बाजार, चौराहा ,अस्पताल के पीछे और अलीपुर में बड़ी संख्या में प्रतिमाओं की दुकानें सज गई है इस बार ज्यादातर कई प्रतिमाओं ने में भगवान श्री कृष्ण के रूप में गणेश जी की प्रतिमाएं आई हैं श्रद्धालु दुकानों पर प्रतिमाओं को लेकर जा रहे हैं इसके अलावा छोटी प्रतिमाओं में भगवान बाल रूप में भी नजर आ रहे हैं बाजार में मिट्टी की प्रतिमाओं की भी मांग है इस बार शहर में प्रमुख चौराहाओं के अलावा छोटी बड़ी कॉलोनी और मोहल्ले में 100 के करीब स्थान पर गणपति बप्पा विराजे जाएंगे। वही निर्माण पंडाल में बड़ी प्रतिमाओं को विराजित करने के लिए समितियां अंतिम रूप देने में लगी है भव्य पंडाल बनाए गए हैं शहर में इस बार 25 के लगभग बड़े पंडाल बनाए गए हैं।

**बड़े स्तर पर पांडाल तैयार हो रहे हैं :** शहर में 10 दिवस या गणेश उत्सव पर इस बार भी जहां शहर में 25 के करीब बड़े बनाए गए हैं छोटे बड़े करके आष्टा शहर में करीब सो के करीब स्थान पर गणपति बप्पा की स्थापना होगी। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष कालू भट्ट ने बताया कि इस बार आष्टा शहर में बुधवारा खत्री मार्केट में गणेश उत्सव समिति ने 35 फीट करीब के गणपति बप्पा की स्थापना की जाएगी नवदीप गणेश बाल मंडल बुधवारा में भी इस बार बड़ी प्रतिमा विराजित की जाएगी साथ में बुधवारा ग्रुप और कॉलोनी चौराहे पर भी इस बार बड़ी प्रतिमा समिति द्वारा लाई गई है इसके अलावा छोटे-बड़े कुल मिलाकर 100 के लगभग स्थान पर गणपति बप्पा विराजेगे।

## 10 दिवसीय गणेश उत्सव : नपं अध्यक्ष बोले माटी के गणेश घर-घर स्थापित करें



**भैरुंदा।** जिले सहित भैरूंदा शहरभर में गणेश उत्सव का उत्साह दिखाई देने लगा है। बुधवार को भगवान श्रीगणेश जी का दिन माना जाता है। इस वर्ष भगवान श्रीगणेश की स्थापना भी बुधवार को होने जा रहे हैं। बुधवार को गणेश चतुर्थी से प्रारम्भ होकर 10दिवसीय गणेश उत्सव हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया जाएगा। हर्षोल्लास धूमधाम से आज नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों अनेकों स्थानों पर आज भगवान गणेश की प्रतिमा की स्थापना होगी और धूमधाम के साथ उन्हें स्थापना के लिए ले जाया जाएगा। विघ्न हरण, मंगल करण, गणनायक, गौरी नंदन, रिद्धी-सिद्धी के दाता बुद्धि के विधाता, गणराज का 10 दिवसीय त्यौहार आज बुधवार से धूमधाम के साथ प्रारंभ होगा। इस दौरान भगवान श्रीगणेश की प्रतिमाओं की घरों घर स्थापना की जाएगी और उनकी पूजा-अर्चना कर मंगल कामना के साथ कई घरों में वर्ष भर के लिए स्थापित की जाएगी। भगवान श्रीगणेश की स्थापना नगर में बनाए गए पांडालों में होगी उसके पूर्व प्रत्येक घरों में उनकी पूजा-अर्चना कर भोग लगाया जाएगा। मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंचेगी और प्राचीन काल से आयोजित हो रही श्रीगणेश मंदिर की महाआरती में सम्मिलित होगी। भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा स्थापना को लेकर नगर के बाजार में मंगलवार को भारी भीड़ नजर आई। भगवान की प्रतिमाओं को खरीदने के लिए ग्रामीण अंचल से भी कई लोग आए और स्थापना के लिए प्रतिमा खरीदकर ले गए। इस दौरान कई गणेश पांडालों में सजावट का दौर चलता रहा। बुधवार गणेश चतुर्थी से घर घर स्थापित होंगे भगवान श्रीगणेश। एक दिन पहले मंगलवार को गणेश प्रतिमा लेने पहुंचे भक्तों ने भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा डोल नगाड़े के उनका स्वागत किया गया। वहीं इस बार बाजारों में 100 रुपए से लेकर 10हजार तक की गणेश प्रतिमा भक्तों के द्वारा खरीदी गई। वहीं सजावट की सामग्री सहित पूजन सामग्री की भी खरीदी की। नगर परिषद् अध्यक्ष मारुति शिशिर ने 11दिवसीय गणेश उत्सव की नगर सहित क्षेत्रवासियों शुभकामनाएं दी तो वही उन्होंने बताया कि नगर परिषद् द्वारा सांदीपनी स्कूल प्रांगण में बाजार लगाया गया है गणेश प्रतिमा की खरीदी करने के लिए आए सभी श्रद्धालुओं भक्तगणों का नगर परिषद् स्वागत करती हैं। उन्होंने कहा माटी गणेश सिद्ध गणेश मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद एवं नर्मदा समग्र का संयुक्त अभियान पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लें, मिट्टी के गणेश बनाएं और हरे-भरे भविष्य की राह प्रशस्त करे। वहीं नगर सहित क्षेत्रवासियों से आग्रह किया गया कि वे मिट्टी बने श्रीगणेश जी की प्रतिमा स्थापना करे। और पर्यावरण हरा भरा बनाए रखने सहयोग प्रदान करे।

# उनका जीवन राष्ट्रसेवा अनुशासन और समर्पण का प्रतीक था: राजीव गुजराती



**सीहोर।** मंगलवार को कांग्रेस सेवादल के संस्थापक युग पुरुष महान देश भक्त स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की पुण्यतिथि सौहार्दपूर्ण ढंग से उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय बस स्टेण्ड, सीहोर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व जिला कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ.बलवीर तोमर द्वारा सुब्बारावजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस के अध्यक्ष राजीव गुजराती थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता म.प्र.कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महामंत्री डॉ.अनीस खान के द्वारा की गई। विशेष अतिथि के रूप में पार्षद घनश्याम यादव, कार्यक्रम का आभार व्यक्त निशांत सिंह वर्मा के द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम का संचालन सेवादल कांग्रेस के साथी विजय वर्के के द्वारा किया गया। इस अवसर पर राजीव गुजराती द्वारा सुब्बाराव के जीवन पर व्याख्यान कर बताया कि सुब्बाराव जी कांग्रेस सेवादल के संस्थापक व युग पुरुष थे। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सुब्बाराव द्वारा कांग्रेस सेवादल के माध्यम से देश को आजाद कराया उन्हें ब्रिटिश सरकार द्वारा कई बार जेल में डाला गया। उनका जीवन राष्ट्रसेवा अनुशासन एवं समर्पण का प्रतीक था। इस अवसर पर डॉ.तोमर ने कहा कि उन्होने अपना अध्ययन मेचिंग युनिर्वसिटी अमेरिका में किया। उन्हें पद्म भुषण की उपाधी से भी सम्मानित किया गया। सुब्बाराव का सबसे महत्वपूर्ण कार्य सन 1923 में हिन्दुस्तान सेवादल की स्थापना का था। डॉ.अनीस खान ने बताया कि वह बंगाल विभाजन के विरोध में थे, उन्होने आर्य बाल सभा का भी गठन किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से म.प्र.पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के महामंत्री प्रीतम दयाल चौरसिया, म.प्र.महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव तत्कालीन पार्षद आरती नरेन्द्र खंगराले, सेवादल कांग्रेस यंग ब्रिगेड के पूर्व अध्यक्ष इंजि.जितेन्द्र सिंह, नारायण सिंह परमार, भगत सिंह तोमर, के.के.रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, कमलेश चाण्डक, विरेन्द्र कुमार वर्मा, राजेन्द्र सिंह राजपूत, यश यादव, कैलाश मालवीय, दीपक सोनकर, अशोक कुमार मालवीय पूर्व सरपंच, हरिओम मेवाड़ा, दीपक मालवीय, शरद मालवीय, नारायण सिंह बकोदिया, सावित्री बाई अहिरवार, गुलाब बाई अहिरवार आदि उपस्थित थे।

### कोतवाली चौराहे पर भगवान श्री गणेश के प्रथम दर्शन एवं भव्य आगमन का आयोजन



**सीहोर।** श्री गणेश उत्सव समिति कोतवाली चौराहा सीहोर के किंग आफ कोतवाली के तत्वावधान में कोतवाली के राजा का भव्य महाआगमन एवं प्रथम दर्शन का आयोजन आज बुधवार रात्रि 8:00 बजे रखा गया है। जिसमें समिति द्वारा विशेष आतिशबाजी एवं साज-सज्जा कर चकाचोंद रोशनी की व्यवस्था की गई है। जो कि पूरे शहर में आक्रषण का केन्द्र रहेगा। जिसमें समिति के मुख्यि संरक्षक वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय, हसमुख भाई पटेल एवं श्री नवदुर्गा उत्सव समिति के सभी सदस्यगण उपस्थित रहेंगे। साथ ही श्री गणेश उत्सव समिति के अध्याक्ष नितेन्द्र ठाकुर, मुख्य सहयोगीगण गगन राठौर, तनिष पाटीदार, अमन राठौर, प्रवल राठौर, निखिल राठौर, हितेन्द्रण ठाकुर, क्रिश नामदेव, यश कौशल,एवं समस्त गणेश उत्सपव समिति द्वारा शहर के सभी गणमान्य नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पधारने का अनुरोध किया गया है।

### 29 अगस्त से खेली जाएगी तीन दिवसीय जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता

**सीहोर।** जिला फुटबाल एसोसिएशन ने गत दिनों शहर के इतिहास में पहली बार राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया था, प्रतियोगिता में शहर की महिला टीम ने खिताब हासिल किया, इस मौके पर खेल संघों ने सीहोर टीम को बधाई दी है। वहीं अब आगामी 29 अगस्त से 31 अगस्त तक तीन दिवसीय जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन शहर के चर्च मैदान पर की जाएगी। इन दिनों फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में निशुल्क फुटबाल प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है।

# भीम आर्मी ने एसडीओपी को सौंपा ज्ञापन



**आष्टा ।** आष्टा के केशवपुर (रोलखेड़ी) में प्लाट आवंटित को लेकर हुए दलित समाज के ऊपर मारपीट के विरोध में आज भीम आर्मी द्वारा एसडीओपी कार्यालय का घेराव किया गया जिसमें भारी संख्या में समस्त ग्रामवासियों सहित भीम आर्मी के कार्यकर्ता मौजूद रहे भीम आर्मी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील अस्तेय ने विधायक सहित सांसद को भी घेरा साथ ही भीम आर्मी के जिला मीडिया इंचार्ज संजय अम्बेडकरवादी ने बताया कि हमने एसडीओपी कार्यालय का घेराव किया।

एसडीओपी ने हमारी समस्त मांगो को मान लिया गया साथ ही जिन 4युवाओं पर एफआईआर दर्ज की गई थी। उसे भी जांच में लिया जाएगा ऐसा हमे एसडीओपी साहब ने आश्वासन दिया घेराव के बाद हम एसडीएम नितिन टाले से मिले उनके द्वारा भी कहा गया कि जैसा ग्रामीण बोलेंगे उस हिसाब से प्लाट आवंटित किए जाएंगे साथ ही पुलिस प्रशासन ने हर सम्भव मदद करने की बात कही ज्ञापन में शामिल हमारी मांगे पहली मांग यह थी कि जिन 4लोगो पर हमारे एफआईआर हुई उसे निरस्त किया जावे। साथ ही गाँव का माहौल खराब करने वाले लोगों पर तुरंत कार्यवाही की जावे ओर प्लाट वितरण प्रकिया लॉटरी के माध्यम से की जावे गाँव मे 4पुलिस कर्मी की ड्यूटी 24घण्टे ही लगाई जावे जब तक कि गाँव का माहौल ठीक नही हो जाता साथ ही इस मौके पर सैकड़ो सदस्य मौजूद रहे।

# भगवान महावीर ने इंद्रदेव की शंका को पल भर में दूर किया : सचिन भंडारी





हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

महिदपुर रोड पर्युषण महापर्व के अवसर पर श्री धर्मनाथ जैन मंदिर में चल रही धर्म सभा में वर्धमान स्वाध्याय मंडल के स्वाध्याय बंधु सचिन भंडारी ने धर्म सभा में कहा कि इंद्रदेव, भगवान को अभिषेक के लिए मेरु पर्वत पर ले जाते हैं वहां पर उन्हें शंका होती है कि नन्हा सा बालक एक करोड़ 60 लाख कलशो का जल कैसे वहन करेगा।

इस शंका को दूर करने के लिए भगवान ने अपने दाहिने पैर का अंगूठा हिलाया जिससे पूरा मेरु पर्वत हिलने लग गया सागर ने अपना रास्ता बदल दिया तब इंद्र देव को परमात्मा के अतुल्य बल का एहसास हुआ। एवं भगवान से क्षमा मांगी ,रात्रि में परमात्मा के पालना जी की भव्य भक्ति एवं कुमार पाल महाराज की महाआरती ढोल नगाड़ों के साथ सकल धर्मनाथ जैन श्री संघ की उपस्थिति में उतारी गई जिसका लाभ अमित कुमार दुग्गल दुगडं परिवार द्वारा लिया गया भक्ति में रंग जमाने के लिए वर्धमान मंडल के संगीतकार ऋषभ जैन राणावत एवं सचिन भंडारी ने भक्तों को भक्ति के रंग में रंगा ।इस मंगलकारी अवसर पर धरमनाथ जैन श्री संघ कांच वाला मंदिर के महानुभाव ने उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त किया उक्त जानकारी जैन समाज की मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने दी।

पंचायत और बैंक मित्र ग्रामीणों के खुलवा रहे खाते

# जनधन खाते और बीमा के लिए लगाए जा रहे कैंप





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मध्य प्रदेश शासन एवं वित्त विभाग के अपर सचिव द्वारा जारी आदेश एवं कलेक्टर सीहोर बालागुरु एवं सीईओ जिला पंचायत नेहा जैन के निर्देश पर सीईओ जनपद आष्टा अमित व्यास के द्वारा जनपद पंचायत -आष्टा अंतर्गत सम्मिलित 144 ग्राम पंचायतों में दिनांक 23 अगस्त से नियमित तौर पर कैम्प लगा कर जन धन योजना अंतर्गत नवीन बैंक खाते खुलवाना,खाता धारकों को प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत ग्रामीणों को बीमा योजना में पंजीयन का लाभ प्रदान करने के सख्त निर्देश ग्राम पंचायतो और बैंक मित्रो को दिए है।

शासन द्वारा ग्राम स्तर पर आयोजित होने वाले कैम्प में प्रमुख तौर पर महिलाओं और वृद्धजनों द्वारा उत्साह पूर्वक भाग लिया जा रहा है ,आयोजित होने वाले कैम्प से एक दिन पहले ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम में डोंडी पीट कर ग्रामीणों को सूचना दी जाती है ,जिससे अधिक से अधिक ग्रामीणों को बैंक द्वारा संचालित बीमा योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके ,समस्त कैम्पों में संबंधित बैंक मित्र उपस्थित हो कर समस्त प्रकार की गतिविधियों का संचालन कर रहे हैं,ग्राम स्तर पर कैम्पों के निरंतर आयोजन से ग्रामीण जन काफी खुश हैं और शासन को धन्यवाद ज्ञापित कर रहे हैं । इन कम्प मे मौक़े पर ही ग्रामीणों को बैंकिंग **सुविधाओं का लाभ मिल रहा है कैम्पो का निरीक्षण :** लगातार क्लस्टर के प्रभारिओ द्वारा किया जा रहा है कैंप 30 सितम्बर तक लगाए जा लगाए जायेंगे कैंप मे अनुपस्थित जिम्मेदारो पर कार्यवाही के निर्देश जिला कलेक्टर द्वारा दिए गए है।

# मिलाद उल नबी पर निकाला जाएगा जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पैगंबर मुस्तफा नबीए करीम की यौमें पैदाईश ईद मिलाद उल नबी के मौके पर सर्वधर्म हजरत दूल्हा बादशाह बाबा की दरगाह से पांच सितंबर जुमेरात गुरूवार सुबह 10 बजे से जूलूस निकाला जाएगा। सर्वधर्म कमेटी महासचिव नौशाद खान ने बताया कि पैगंबर मुस्तफा नबीए करीम कि यौमें पैदाईश को लेकर निकाले जाने वाले जुलूस में शहर और ग्रामीण क्षेत्र के मुस्लिम समाजजन स्कूलों और मदरसों में पढने वाले बच्चें बड़ी तादात में शामिल होंगे। सर्वधर्म कमेटी अध्यक्ष रिजवान पठान ने बताया कि पैगंबर मुस्तफा नबीए करीम की यौमें पैदाईश के दिन को खुबसुरती के साथ मनाने को लेकर गुरूवार 28 अगस्त को शाम 5 बजे दूल्हा बादशाह बाबा की दरगाह परिसर में बैठक का आयोजन किया गया है। कमेटी के हमीद हाजी उमरजी ने बताया कि बैठक में सभी धर्म के लोग हिस्सा लेंगे और जुलूस की रूपरेखा रूट तय करेंगे।